बिन्दु सं० 3

# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

आज दिनांक 01.01.2020 को जनपद अल्मेड़ा में अल्मोड़ा–घाट मोटर मार्ग के चितई पन्त तिराहे से (हरिदत्त पेटशाली इण्टर कालेज से आगे) पेटशाल तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु डिजीटल मानचित्र में प्रदर्शित बिन्दु सं0 61 से प्रारम्भ होकर बिन्दु सं0 50 तक (पेटशाल से पातालदेव तक) वैकल्पिक समरेखन के अन्तर्गत प्रभावित होने वाले खड़े वृक्षों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग अल्मोड़ा, वनक्षेत्राधिकारी, अल्मोड़ा, वन दरोगा एवं प्रस्तावक विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। संयुक्त निरीक्षण के दौरान स्थल पर पाया गया कि वैकल्पिक समरेखन में स्वीकृत समरेखन से अधिक मात्रा मे वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं। स्वीकृत समरेखन में बाज प्रजाति के वृक्ष प्रभावित नहीं हो रहे हैं। अतः स्वीकृत समरेखन में ही मार्ग का निर्माण किया जाना उचित होगा।

(हस्ताक्षर) 01/01/2020
प्रस्तावक विभाग
सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो० नि० वि०
अल्मोड़ा

(हस्ताक्षर)
प्रभागीय वनाधिकारी
अल्मोड़ा वन प्रभाग अल्मोड़ा

(हस्ताक्षर)
वनक्षेत्राधिकारी
अल्मोड़ा

(हस्ताक्षर)
(भास्करानन्द जोशी)
अमीन
नि० ख० लो० नि० वि०
अल्मोड़ा

(हस्ताक्षर)
JE

(हस्ताक्षर)
(हरीश सिंह बिष्ट)
वन दरोगा
अल्मोड़ा अनुभाग

Amin 2